दिन– सोमवार

दिनांक– 14 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर में आयोजित होने वाली महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज पटना से ट्रॉफी गौरव यात्रा की शुरुआत करेंगे।
02. राज्य के सभी जिलों के लिए मनरेगा के तहत सात सौ नब्बे करोड़ रुपये की राशि निर्गत की गयी।
03. प्रदेश में राजस्व संबंधी मामलों को सुलझाने में बांका जिला पहले स्थान पर। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों के लिए जारी की रैंकिंग।
04. और, राज्य से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की वापसी के साथ ही शरद ऋतु की दस्तक। पछुआ हवा के प्रभाव से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरु।

———————————————————

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, दो हजार चौबीस का आयोजन ग्यारह से बीस नवम्बर तक राजगीर खेल परिसर में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर आज से प्रदेश में ट्रॉफी गौरव यात्रा की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा दस नवम्बर तक बिहार के सभी अड़तीस जिलों के साथ ही पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखंड से गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से हॉकी के प्रति जन–जागरुकता बढ़ाई जायेगी।

———————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मनरेगा के तहत सात सौ नब्बे करोड़ रुपये की राशि जिलों के लिए निर्गत कर दी गयी है। यह राशि वित्तीय वर्ष, दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए केंद्र सरकार से तीसरी किस्त के रुप में प्राप्त हुयी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीविका योजना के तहत गठित जीविका समूहों के लिए भी पांच सौ बाईस करोड़ रुपये की राशि निर्गत की है। यह राशि स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के लिए दी जाएगी। श्री कुमार ने अधिकारियों को मनरेगा और आजीविका मिशन की योजनाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

प्रदेश में राजस्व संबंधी कार्यों को सुलझाने के मामले में बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार पहले स्थान पर हैं। राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से इस संबंध में सितम्बर माह के लिए जिलाधिकारियों की रैंकिंग जारी की गयी है। इसमें शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ एहसान दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे हैं। पटना जिले को इकतीसवां स्थाना प्राप्त हुआ है। विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि राजस्व संबंधित कार्यों की बेहतर समीक्षा और प्रगति की देख–रेख के लिए जिलाधिकारी सह– समाहर्ताओं की रैंकिंग का फैसला लिया गया है। यह रैंकिंग हर महीने जारी की जाएगी।

———————————————————————

भारतीय संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ प्रत्येक गांव में राष्ट्रव्यापी संविधान गौरव अभियान के साथ मनाई जाएगी। केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि छब्बीस नवंबर को संविधान दिवस गौरव अभियान के रुप में मनाया जाएगा। महाराष्ट्र में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने प्रत्येक जिले में संविधान भवन बनाने की सरकार की पहल की भी चर्चा की।

———————————————————————

पुलिस भवन निर्माण निगम, लिमिटेड के महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि प्रदेश के अट्ठाईस जिलों के नये फॉरेंसिक साईंस लैब, एफएसएल भवनों में अगले साल अप्रैल महीने से जांच की सुविधा शुरु हो जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि मार्च दो हजार पच्चीस तक छत्तीस एफएसएल भवनों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पटना में पुलिस भवनों के निर्माण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए श्री कुमार ने कहा कि जिलों में भवन निर्माण के साथ ही एफएसएल जांच के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि एफएसएल जांच की शुरु होने से आपराधिक मामलों के अनुसंधान में तेजी आएगी।

———————————————————————

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ करते हुए राष्ट्रपति शासन हटा दिया गया है। केन्द्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। नेशनल कॉफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू–कश्मीर में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के गठबंधन को बहुमत मिला है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान लागू किए जाने की सराहना की है। यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहायक हो रहा है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति के शुभारंभ की तीसरी वर्षगांठ पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री गतिशक्ति अनुभूति केंद्र का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया। उन्होंने देश के विभिन्न जिलों के उत्पादों के चयन, ब्रॉडिंग और उन्हें बढ़ावा देने में मदद करने की इस पहल की भी सराहना की। प्रधानमंत्री गतिशक्ति के माध्यम से संबंधित मंत्रालयों और विभागों ने कोयला, इस्पात, उर्वरक, बंदरगाह, खाद्य और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का अध्ययन किया गया। इस दौरान उन क्षेत्रों की समस्याओं और कमियों को चिन्हित किया गया। विभागों की परियोजनाओं का भी विश्लेषण किया गया। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत 2021 में हुई थी, जिसका उद्देश्य देश के बुनियादी ढांचों में परिवर्तन करना है जिससे लोगों की आवाजाही और वस्तुओं तथा सेवाओं के लिए निर्बाध और कुशल कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। इस योजना में 44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इनके कार्यान्वयन को शामिल किया गया है। इस पहल से विभिन्न मंत्रालयों की 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का आकलन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति का उद्देश्य माल ढुलाई की लागत को कम करना, भारत की लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स रैंकिंग को 2030 तक शीर्ष 25 देशों में लाना और डेटा–आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है। पल्लवी परमार की रिपोर्ट के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी हाइड्रोसील मरीजों का ऑपरेशन मार्च दो हजार पच्चीस तक करने का लक्ष्य रखा है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में हाइड्रोसील मरीजों के ऑपरेशन का बैकलॉग मार्च दो हजार पच्चीस तक समाप्त करने का निर्देश दिया है। अपर निदेशक सह फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने सभी सिविल सर्जनों को इस संबंध में निर्देश दिये हैं। इसके अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल, जिला और अनुमंडलीय अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेजों में शल्य चिकित्सा शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं। राज्य में हाइड्रोसील के सत्रह हजार आठ तिरेसठ मरीज हैं।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के एक सौ साठ शैक्षिक संस्थानों में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 शुरु किया है। इसके लिए बीस गांवों को भी चिन्हित किया गया है। इसके तहत सभी जिलों में तंबाकू के हानिकारक प्रभाव के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी यह अभियान चलाया जाएगा।

———————————————————————

पूरे प्रदेश से दक्षिण—पश्चिम मॉनसून की वापसी के साथ ही शरद ऋतु ने दस्तक दे दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि पछुआ हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे— धीरे कमी दर्ज की जा रही है। इससे हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। इधर, मॉनसून के दौरान इस वर्ष राज्य में सात सौ अंठानवे मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी, जो सामान्य से बीस प्रतिशत कम है। विभाग के अनुसार इस वर्ष सिर्फ नवादा जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुयी है। वहीं, बेगूसराय, कैमूर, भागलपुर, भोजपुर, मधुबनी, पटना और सारण समेत बीस जिलों में सामान्य से कम बारिश हुयी। इधर, अररिया, अरवल, जमुई, कटिहार, किशनगंज, शेखपुरा और पश्चिम चम्पारण समेत सत्रह जिलों में सामान्य वर्षा हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य में बारिश की संभावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के अड़तीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से चौबीस नये मामले मिले हैं।

———————————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद— बीसीईसीईबी ने इंजिनियरिंग कॉलेजों में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए पोटर्ल एक बार फिर खोल दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी सोलह अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश के अड़तीस इंजिनियरिंग कॉलेजों में लगभग तीन हजार सीटें खाली हैं। इनके लिए नए अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। इधर, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सत्र दो हजार चौबीस—पच्चीस के तहत ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण तिथि बाईस अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले यह तिथि नौ अक्टूबर तक निर्धारित थी।

——————————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए गया और मुंबई के बीच गया–लोकमान्य तिलक टर्मिनल विशेष ट्रेन का परिचालन शुरु किया है। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा स्टेशन से इस ट्रेन के परिचालन की शुरुआत की। इधर, पटना–हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहाराव शुरू हो गया है। पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार वंदे भारत ट्रेन को बख्तियारपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को काफी सुविधा होगी।

——————————————————————————

भोजपुर जिले में एलसीडीसी के माध्यम से चलाए गए कुष्ठ रोगी अभियान में एक सौ पच्चीस नए रोगियों की पहचान की गई है जबकि कुछ अन्य आंकड़ों का विश्लेषण किया जाना बाकी है। जिले में गत उन्नीस सितंबर से दो अक्टूबर तक यह अभियान चलाया गया। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े चिकित्सा अधिकारी डॉ दयानंद कुमार राय ने बताया कि सभी चौदह प्रखंडों में अब तक एक सौ पच्चीस नए रोगियों की पहचान की गई है। सभी का इलाज प्रखंड स्तर पर शुरू कर दिया गया है।

——————————————————————————

इंडियन डेफ क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पुरुषों के टी–ट्वेंटी राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप की शुरूआत हुयी। इसमें बिहार के अलावा अठारह राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने पटना के ऊर्जा स्टेडियम में किया। बधिर श्रेणी के खिलाड़ियों के लिए शुरू हुयी प्रतियोगिता का समापन उन्नीस अक्टूबर को होगा। उद्‌घाटन के बाद खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि बिहार सरकार दिव्यांगजनों के खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

——————————————————————————

महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कल रात शारजाह में खेले गए ग्रुप–ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसके बाद भारत के सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीद अब न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी हुई है। अगर पाकिस्तान यह मुकाबला जीतता है तो भारत सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लेगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार आज शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां,

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – राज्य के वित्त संपोषित कॉलेजों को बकाया अनुदान जल्द मिलेगा।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है – महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दिकी की मुंबई में हत्या। गोपालगंज के थे मूल निवासी।

**दैनिक भास्कर** ने पीएम इंटर्नशित योजना को प्रमुखता देते हुए लिखा है – चौबीस घंटे में ही डेढ़ लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन।

**प्रभात खबर** लिखता है – जीएसटी–एमनेस्टी स्कीम एक नवम्बर से ब्याज से मिलेगी छूट।

**आज** अखबार की सुर्खी है – मॉनसून में अब बर्बाद नहीं होगा पानी। केंद्र सरकार दस लाख साईट्स वाला प्लान लायेगी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के हवाले से लिखा है – कन्याओं आत्म रक्षा का भी दे प्रशिक्षण।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर में आयोजित होने वाली महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आज पटना से ट्रॉफी गौरव यात्रा की शुरुआत करेंगे।
02. राज्य के सभी जिलों के लिए मनरेगा के तहत सात सौ नब्बे करोड़ रुपये की राशि निर्गत की गयी।
03. प्रदेश में राजस्व संबंधी मामलों को सुलझाने में बांका जिला पहले स्थान पर। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों के लिए जारी की रैंकिंग।
04. और, राज्य से दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की वापसी के साथ ही शरद ऋतु की दस्तक। पछुआ हवा के प्रभाव से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरु।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।